फोरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट,

तमिलनाडू एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, मेटपालयम (Forest College & Research Institute- Tamil Nadu Agricultural University, Mettupalayam)

के विद्यार्थियों का आफरी दौरा

फोरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, तमिलनाडू एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, मेटापलयम, तमिलनाडू के बी.एस सी (फोरेस्ट्री) अन्तिम वर्ष के 49 विद्यार्थियों के दल ने दिनांक 17/11/2015 को असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पी. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधुपर का भ्रमण किया । कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने दल का संस्थान में स्वागत करते हुए संस्थान की वानिकी अनुसंधान गतिविधियों, उपलब्धियों एवं विकसित तकनीकों के संबंध में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया । वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी. सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की चट्टानों, जल प्रबंधन एवं पौधारोपण में सिंचाई की मात्रा एवं बारम्बारता (Quantity & frequency of watering), कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन (carbon Sequestration) इत्यादि की बारीकी से तकनीकी जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. यू.के. तोमर ने जीनोटाइप (Genotype), जीन एक्सप्रेशन (Gene expresion) इत्यादि की वैज्ञानिक जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध करायी । वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का प्रश्न-उत्तर के माध्यम से समाधान किया । संस्थान के वैज्ञानिक एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ. एन.के. बोहरा ने उतम गुणवत्ता वाले पौधे तैयार करने एवं उनकी उपयोगिता के बारे में बताया ।

विद्यार्थियों ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध गतिविधियों का अवलोकन किया । प्रयोगशाला भ्रमण के दौरान वन आनुवांशिकी एवं वृक्ष प्रजनन प्रभाग के वैज्ञानिक डॉ. तरूण कान्त ने जिनेटीक मेपिंग, मार्कर से संबंधित जानकारी प्रदान की । अकाष्ठ वन उपज प्रभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रंजना आर्या ने क्षारीय भूमि में वनारोपण, अकाष्ठ वनोत्पाद से संबंधित अनुसंधान इत्यादि की जानकारी उपलब्ध करायी ।

तत्पश्चात् विद्यार्थियों के इस समूह ने संस्थान के निर्वचन एवं विस्तार केन्द्र का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित शोध गतिविधियों, विकसित तकनीकों से संबंधित सूचनाओं का अवलोकन किया । भ्रमण के दौरान श्री रतनाराम लोहरा, अनु.सहायक- प्रथम एवं श्री तेजाराम ने सहयोग किया ।

THROUGH SOIL AND WATER CONSERVATION
RESTORATION OF WATERLOGGED

PRODUCTS